Coal India
कोल इण्डिया

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# अपनी बात

अंक : 595 वर्ष 44 राँची, अगस्त, 2023



# मुख्यालय में द्वि–पक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न




बैठक में उपस्थित सीएमडी डॉ. बी. बीरा रेड्डी, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं डीएमएस, राँची क्षेत्र श्री आफताब अहमद

विगत 2 अगस्त को सीसीएल मुख्यालय में माइंस सेफ्टी (खान सुरक्षा) से सम्बन्धित विषयों पर विस्तार से चर्चा करने और उसके निवारण हेतु सीसीएल प्रबंधन, डीजीएमएस, राँची–कोडरमा क्षेत्र एवं साउथ ईस्टर्न जोन के अधिकारीयों के बीच द्वि–पक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सीसीएल के सीएमडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, डीएमएस, राँची क्षेत्र, श्री आफताब अहमद, डीएमएस (मेकेनिकल) श्री एस. रत्नाकर, डीएमएस, कोडरमा क्षेत्र, श्री एन. पी. देवरी सहित श्री विकास मेसराम, श्री बी. महेश्वरा रेड्डी, सीसीएल के महाप्रबंधक (सेफ्टी) श्री एस. के. सिंह, सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न अधिकारीगण, आईएसओ के अधिकारीगण एवं अन्य उपस्थित थे।

बैठक में खदान की सुरक्षा के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ. रेड्डी ने सभी को आश्वस्त किया कि कंपनी द्वारा बैठक में लिए गए निर्णयों पर अमल किया जायेगा और कमियों का निराकरण तयबद्ध तरीके से किया जायेगा।

बैठक में विषय पर चर्चा करते हुए श्री रेड्डी ने आगे कहा कि खान सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्य स्थल को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कंपनी द्वारा नयी–नयी तकनीकों को अप. नाया जा रहा है ताकि 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। सुरक्षा के प्रति एक बेहतर वातावरण का निर्माण किया जायेगा। सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान का अच्छी तरह से पालन करने पर उन्होंने जोर दिया।

“ सुरक्षित कार्य है कर्त्तव्य हमारा
सुरक्षित जीवन से जुड़ा है परिवार हमारा! ”

# रक्तचाप एवं मधुमेह से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

दिनांक 04 अगस्त को राँची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा 41 वृद्धों की जाँच की गयी एवं उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में इसके अतिरिक्त हिमोग्लोबिन, ब्लड सुगर, हाईपरटेंशन का भी निःशुल्क जाँच की गयी।

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएसआर) डॉ. रंजीत, डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. अनिता होरो, डॉ. शिल्पी, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अम्बरीश, डॉ. प्रियंका, डॉ. सायन्ती, डॉ. अनुश्री, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



आदर्श वृद्धा आश्रम में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का एक दृश्य

ज्ञात हो कि सीसीएल अपने कर्मियों के साथ–साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए नियमित रूप से इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है जिसमें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाता है।

आदर्श वृद्धा आश्रम के लोगों ने स्वास्थ्य शिविर पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और इस शिविर के सफल आयोजन के लिए सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

# सीसीएल में वेलनेस कार्यक्रम आयोजित

दिनांक 11 अगस्त को सीसीएल और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ योगा एंड मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में 'आनंदित जीवन कैसे जिए' विषय पर एक वेलनेस कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया थे। अवसर विशेष पर सीएमडी, सीएमपीडीआई श्री मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक तक. (सं.) श्री रामबाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री बी साइराम, निदेशक (वित्त) श्री पी के मिश्रा, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के नेता, सेवानिवृत्त कर्मी एवं बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।




समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया को सम्मानित करते सीएमपीडीआई के सीएमडी श्री मनोज कुमार, सीसीएल के निदे. (सं.) श्री रामबाबू प्रसाद एवं निदे. (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम

समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया ने अपने व्याख्यान में आनंदित जीवन व्यतीत करने के अनेक मंत्र दिए। उन्होंने वर्क लाइफ बैलेंस पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दिए गए सुझाव पर अमल कर इस भौतिक जीवन में भी ऑफिस एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन कर जीवन आनंदपूर्वक बिताया जा सकता है। इस आध्यात्मिक विमर्श में जीवन के विभिन्न पहलुओं का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया, जिसका सार आनंद था। इस सत्र में समर्थगुरु ने दर्शकों के प्रश्नों का यथोचित उत्तर भी दिया।

उपस्थित सभी ने इस विमर्श की खूब सराहना करते हुए कहा कि इस सत्र से निश्चित रूप से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।



वेलनेस कार्यक्रम का एक दृश्य

# सीसीएल मुख्यालय में 40 मीटर ऊँचे फ्लैग पोस्ट का अनावरण

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाला गया तिरंगा यात्रा



तिरंगा लेकर सीसीएल के सीएमडी, निदेशकगण एवं अन्य अधिकारीगण

दिनांक 14 अगस्त, 2023 को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मुख्यालय में सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी द्वारा 40 मीटर ऊँचे फ्लैग पोस्ट का अनावरण कर उस पर 30 फीट x 20 फीट तिरंगा फहराकर राष्ट्र को समर्पित किया गया। अवसर विशेष पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबु प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीएमडी ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतने ऊँचे ध्वज स्तम्भ का अनावरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने उपस्थित सभी से कहा कि हमें अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना चाहिए। यह भी देश के प्रति हमारी राष्ट्र भक्ति को दर्शाता है।



सेल्फी प्वाइंट पर तिरंगा हाथ में पकड़ कर सेल्फी लेते सीसीएल के सीएमडी एवं निदेशकगण



हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली में उपस्थित सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदे. (तक./संचा.) श्री रामबाबू प्रसादए निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदे. (वि.) श्री पी. के. मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य

ज्ञातव्य हो कि यह फ्लैग पोस्ट झारखण्ड के किसी भी कार्यालय परिसर में स्थापित सबसे ऊँचा फ्लैग पोस्ट में से एक है। इसके बाद 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सीएमडी, निदेशकगण सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने हाथ में तिरंगा लेकर रैली निकाली। इसके अतिरिक्त सभी ने सेल्फी पॉइंट पर फोटो लेकर harghartiranga.com वेबसाइट पर अपलोड किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (सिविल/नगर प्रशासन) श्री राजेश मोहन, महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री सुजीत गोस्वामी, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) श्री आलोक कुमार एवं उनके टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया




स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी साथ में मंच पर उपस्थित निदे. (तक./संचा.) श्री रामबाबू प्रसाद, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

15 अगस्त 2023 को मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में 77वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने मुख्यालय में तिरंगा फहराया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस शुभ अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिकसंघों के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। डॉ. रेड्डी ने अवसर विशेष पर सीसीएल के सुरक्षा जवानों के परेड का निरीक्षण किया।



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गार्ड ऑफ ऑनर लेते सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी

उक्त अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए डॉ. रेड्डी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी और वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल निरंतर देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने सीसीएल के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी ने विगत वर्ष अपने 76 मिलियन टन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी कंपनी अपने निर्धारित 84 मिलियन टन को अवश्य पूरा करेगी।

ज्ञात हो कि सीसीएल कोयले के उत्पादन के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष महत्व देती है। डॉ. रेड्डी ने पर्यावरण संरक्षण को रेखांकित करते

हुए कहा कि कंपनी द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने कमान क्षेत्र और उसके आस–पास के क्षेत्रों में पौधरोपण किया जा रहा है। मालूम हो कि सीसीएल द्वारा अब तक 5 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को जैविक रूप में पुनः स्थापित कर 90 लाख से अधिक पौधरोपण किया गया है और साथ ही साथ 63 करोड़ की लागत से 9 इको–पार्क भी विकसित किया जा रहा है।

कंपनी अपने हितधारकों के स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल एवं रोजगार सहित समावेशी विकास एवं सामाजिक उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कंपनी द्वारा समय–समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करती है जिससे पिछले वर्ष लगभग 1.33 लाख लोग लाभान्वित हुए। समाज के गरीब, ग्रामीणों के मेधावी बच्चों को 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' योजना के माध्यम से मुफ्त आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही है। साथ ही साथ विद्यार्थियों के पठन–पाठन में गुणात्मक सुधार हेतु राँची में राज्य पुस्तकालय के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन किया गया है। झारखण्ड स्टेट



गुब्बारे उड़ाते हुए सीएमडी एवं निदेशकगण

स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी में नवोदित खिलाड़ियों के खेल को निखारने के उद्देश्य से उन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने 1200 से अधिक लोगों को प्लास्टिक इंजीनियरिंग, डोकरा आर्ट, सिलाई, हेवी मोटर ड्राइविंग आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

अपने सम्बोधन के अंत में डॉ. रेड्डी ने माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, कोयला सचिव श्री अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद सहित झारखंड सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं श्रमिक संघों के प्रतिनिधिगणों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के अंत में सीसीएल के 11 सुरक्षा जवानों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम काला. इव प्रसारण कंपनी के आधिकारिक यूट्यूब चैनेल से किया गया। कार्यक्रम का समापन सीएमडी, निदेशकगण एवं सीवीओ द्वारा गुब्बारें उड़ाकर किया गया।

# विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए इंटरैक्टिव सत्र आयोजित

डीजीएमएस, साउथ ईस्टर्न जोन, राँची के तत्वावधान में दिनांक 17 अगस्त, 2023 को मुख्यालय में निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद की अध्यक्षता में सीसीएल की कोयला खदानों में विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) श्री विकास गोविंद राव मेशराम, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) श्री महेश्वरा रेड्डी, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) श्री विनीत चौरसिया, महाप्रबंधक (वि. एवं यां.), महाप्रबंधक (उत्ख.), सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, परियोजना अधिकारी, एसओ (वि. एवं यां.), एसओ (उत्ख.) एवं सभी क्षेत्र के अधिकारी उपस्थित थे।

इस इंटरैक्टिव सत्र में खदान की विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में विशेषकर कंपनी में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। सीसीएल के निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद ने इस सत्र के दौरान आए सभी सकारात्मक सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा उन सुझावों पर अमल किया जायेगा और जो भी कमियाँ होंगी उनका निराकरण तयबद्ध तरीके से किया जायेगा।




इंटरैक्टिव सत्र की अध्यक्षता करते निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद

विषय पर चर्चा करते हुए श्री प्रसाद ने आगे कहा कि खान सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्य स्थल को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कंपनी द्वारा नयी–नयी तकनीकों को अपनाया जा रहा है ताकि 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। इलेक्ट्रीकल सेफ्टी के प्रति एक बेहतर वातावरण के निर्माण के लिए कंपनी प्रयासरत है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री एस के सिंह एवं उनकी टीम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# 'एवरेस्ट समिट' आयोजित




दीप प्रज्ज्वलित करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य

दुनिया की सबसे ऊँची पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट फतह करने की 70वीं वर्षगांठ पर दिनांक 20 अगस्त को मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में 'एवरेस्ट समिट' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीसीएल, आईथ्री फाउंडेशन और मॉडर्न पाइथन गेमिंग के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोल इंडिया के चेयरमैन श्री पी. एम. प्रसाद वर्चुवल मोड से उपस्थित थे। उनके अलावा विशिष्ट अतिथि सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार, साइबर पीस फाउंडेशन के मेजर विनीत कुमार, टेडेक्स काँके के क्यूरेटर श्री राजीव गुप्ता, आइथ्री फाउंडेशन के निदेशक श्रीमती प्रीति गुप्ता सहित 13 पर्वतारोही – प्रेमलता अग्रवाल, विनीता सोरेन, जेमलिंग तेनजिंग, कर्णल रणवीर जामवाल, मनीषा वाघमारे, भगवान चावले, अनुजा वैद्य, अदिति वैद्य, कुंतल जोइशर, प्रियंका मोहिते, सत्यरूप सिद्धांत, मेघा परमार एवं रूद्र प्रसाद हलधर तथा बड़ी संख्या में सीसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सीएमडी, सीसीएल एवं निदेशकगण दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सुमेधा सेनगुप्ता ने ओडिशी नृत्य से भगवान शिव और पर्वत देव को समर्पित नृत्यनाटिका की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान कोल इंडिया चेयरमैन श्री पी. एम. प्रसाद ने वर्चुवल मोड से उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पर्वतारोहण सिर्फ जोखिम भरा ही नहीं बल्कि खर्चीला भी है। इसके लिए सरकार के तरफ से या कंपनियों के सीएसआर के तरफ से एक फंड का होना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य के पर्वतारोहियों के मदद के लिए कोल इंडिया काम कर रही है।

विशिष्ट अतिथि सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सभागार में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पर्वतारोहियों के तरह ही कोयला श्रमिक भी जब 600–700 मीटर कभी कभी किलोमीटर तक जमीन के नीचे जाने में काफी मुश्किलों का सामना करते हैं जैसे अत्यधिक गर्मी, आर्द्रता इत्यादि।

कार्यक्रम के दौरान सभी पर्वतारोहियों ने अपना–अपना अनुभव लोगों से साझा की और कहा कि आज एडवेंचर स्पोर्ट्स में यूथ हिस्सा ले रहे हैं। एडवेंचर स्पोर्ट्स से फिटनेस अच्छा होता है। पर्वतारोहण के लिए डर का सामना करना तथा शारीरिक फिटनेस के साथ–साथ मानसिक फिटनेस भी बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम के अंत में युफोरिया बैंड के तबलावादक सह पर्क्यूशनिस्ट प्रशांत त्रिवेदी और प्रख्यात हैंडपैन वादक सुमित कुटानी




पर्वतारोहियों के साथ मंचासीन सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

उर्फ बाबा कुटानी की जुगलबंदी से सभागार में उपस्थित सभी थिरके।

मंच का संचालन बिग–बॉस फेम सह वॉयस आर्टिस्ट विक्रम विजय सिंह ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) श्री आलोक कुमार एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कॉन्डीशन्स कोड, 2020' विषय पर कार्यशाला आयोजित

सीसीएल एवं इंटरनल सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29 अगस्त, 2023 को सीसीएल मुख्यालय में निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद के अध्यक्षता में 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कॉन्डीशन्स कोड, 2020' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला को सम्बोधित करते निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद

इस अवसर पर श्री आफताब अहमद, डीएमएस, राँची सहित सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं के परियोजना पदाधिकारी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एवं खान प्रबंधक उपस्थित थे।

सीसीएल के निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद ने सभा को सम्बोधित किया एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। श्री राम बाबू प्रसाद ने इस कार्यशाला के दौरान आए सभी सकारात्मक सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि आज के इस कार्यशाला में मिले सुझावों से कंपनी लाभान्वित होगी।

श्री आफताब अहमद, डीएमएस, राँची ने OSH&WC कोड के प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस कार्यशाला के दौरान ऑकुपेशनल सेफ्टी, हेल्थ और वर्किंग कंडीशन में सुधार के लिए सक्रिय उपायों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री एस के सिंह एवं उनकी टीम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक




बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक डॉ. बी. वीरा रेड्डी साथ में निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण

दिनांक 30.08.2023 को सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची के कन्वेंशन सेन्टर (नये भवन) के तीसरे तल पर अवस्थित सभागार में अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक महोदय डॉ. बी वीरा रेड्डी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हम तो बातें हिन्दी में करते हैं, परन्तु कार्य हिन्दी में पूरी तरह से नही कर पा रहे है, हमें प्रयास जारी रखकर ही राजभाषा हिन्दी में कार्यों को आगे बढ़ाना है।

बैठक को निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय इलेक्ट्रॉनिक युग का है अतः हमें इसका व्यापक प्रचार प्रसार के साथ हिन्दी के टूल–किटों को उपयोग में लाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चेक प्वाइंट बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि हम गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

विभागाध्यक्ष (राजभाषा) श्री संजय कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे सितम्बर माह में राजभाषा संबंधी गतिविधियों/ प्रतियोगिताओं पर विस्तार से बताया तथा राजभाषा पखवाड़ा से संबंधित जानकारी दी।

राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा विभाग तथा नगर प्रशासन विभाग सहित बोकारो एवं करगली क्षेत्र को चल शील्ड से सम्मानित किया गया।

बैठक में सीसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्ष/महाप्रबंधक एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**"हृदय की कोई भाषा नहीं है,**
**हृदय- हृदय से बातचीत करता है**
**और हिंदी हृदय की भाषा है।**

**- महात्मा गांधी"**

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई




सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम

सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 6 कर्मी – सर्वश्री डॉ. एस.डी.सी.पी सत्पति, सीएमओ, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, आर.के. मनिक्कम, अधीनस्थ अभियंता (असैनिक), वेलफेयर एंड सर्विसेस विभाग, राम जग तिवारी, अधीनस्थ अभियंता (असैनिक), नगर–प्रशासन विभाग, जिन्दर पाल पुनियानी, लेखापाल–ए1, पे रोल विभाग, सुबीर कुमार नियोगी, लेखापाल–ए1, विक्रय एवं विपणन विभाग एवं केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से श्री सुरेद्र मांझी, कार्यालय अधीक्षक, ग्रेड–ए को दिनांक 31.08.2023 को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। अगस्त माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 67 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें 31 अगस्त को ससम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कंपनी की उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना), श्री बी. साईराम ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर कर्मी के जीवन में यह एक भावुक क्षण होता है। आज सभी एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरुआत कर रहे हैं। कंपनी को नई ऊँचाई देने में आप सब का सार्थक प्रयास अनुकरणीय है। श्री साईराम ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ दिया।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कल्याण) श्रीमती केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

सीसीएल ने सामाजिक दायित्व के तहत विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में दुम्मा, देवघर में हितधारकों/श्रद्धालु कांवरियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा शिविर लगाया। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाईओं का 66000 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। @CoalIndiaHQ @CoalMinistry @JoshiPralhad

Translate post




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

सीसीएल में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2023 की झलकियाँ।

जय हिंद।

@CoalMinistry @CoalIndiaHQ @JoshiPralhad @raosahebdanve @PIB_Coal

Translate post




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

#TeamCCL congratulates Ms Asha Kiran Barla for winning Silver Medal in 800 m race at the Trinbago 2023 Commonwealth Youth Games. She made the Nation and State proud. She was groomed & trained at @jsspsociety.
She thanked CCL for support.
@CoalMinistry @JharkhandCMO @JoshiPralhad



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

A Menstrual Hygiene Management Lab was developed at Nehru Smarak School, Kathara area to create awareness about menstrual hygiene.
A first-of-its-kind lab in Gomia Block, Bokaro, it is outfitted with beds, sanitary napkins, posters and support amenities for girl students.




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Chairman, CIL Sri PM Prasad inaugrated the 'Everest Summit' in auspicious presence of CMD CCL Sri Dr B Veera Reddy, Functional Directors and CVO, CCL.
The day long event will witness more than 13 summiteers sharing their story of courage, challenges, fortitude and feat.



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Shri Vivek Bhardwaj, Secy, Ministry of Mines, GoI inaugurated **Workshop on Critical Minerals** organised by Indian National Committee World Mining Congress at New Delhi on 28/08/2023
Dr B. Veera Reddy, CMD, CCL delivered the welcome address on the occasion.



(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग